प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 27.02.2026 समय : 01:00 पी.एम.

....

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने आज जैसलमेर वायुसेना स्टेशन पर स्वदेशी लड़ाकू हेलीकॉप्टर 'प्रचंड' में उड़ान भरी। यह उड़ान अनुभवी वायुसेना पायलटों द्वारा संचालित की गई और इसमें स्वदेशी प्लेटफॉर्म की उन्नत विशेषताओं और युद्ध तत्परता का प्रदर्शन किया गया। राष्ट्रपति मुर्मु ने इस दौरान वायुसेना के वरिष्ठ अधिकारियों से बातचीत की और भारत के स्वदेशी रक्षा विनिर्माण पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करने में शामिल वैज्ञानिकों, इंजीनियरों और कर्मियों के प्रयासों की सराहना की। स्वदेशी वायुशक्ति का परिचायक **एलसीएच** 'प्रचंड', ऊंचाई वाले अभियानों के लिए तैयार किया गया है और इसने वायुसेना की युद्ध क्षमताओं को महत्वपूर्ण रूप से बढ़ाया है। उड़ान भरने से पहले राष्ट्रपति को वायुसेना के अधिकारियों ने हेलीकॉप्टर की परिचालन क्षमताओं के बारे में जानकारी दी। राष्ट्रपति आज शाम पोकरण फील्ड फायरिंग रेंज में भारतीय वायुसेना के अभ्यास 'वायु शक्ति' को देखेंगी, जहां अग्रिम पंक्ति के लड़ाकू विमान, परिवहन विमान और हेलीकॉप्टर दिन–रात के युद्ध अभियानों का प्रदर्शन करेंगे।

....

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि सरकार द्वारा प्रक्रियाओं को सरल बनाने, सुगम व्यापार और प्रौद्योगिकी आधारित सुशासन का विस्तार करने के साथ देश **विकास की दिशा में** रफ्तार से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि इस गति को बनाए रखने के लिए नीतिगत इरादों तक ही सीमित न रहकर उत्कृष्ट क्रियान्वयन पर भी ध्यान देना आवश्यक है। आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये "विकसित भारत के लिए प्रौद्योगिकी, सुधार और वित्त" विषय पर आयोजित बजट उपरांत वेबिनार को संबोधित करते हुए श्री मोदी ने कहा कि सुधारों का मूल्यांकन केवल घोषणाओं के आधार पर नहीं, बल्कि जमीनी स्तर पर उनके प्रभाव के आधार पर किया जाना चाहिए। उन्होंने एआई, ब्लॉकचेन और डेटा **एनालिसिस** के व्यापक उपयोग के माध्यम से पारदर्शिता, गति और जवाबदेही बढ़ाने पर जोर देते हुए कहा कि पिछले एक दशक में सरकार ने अवसंरचना पर विशेष ध्यान दिया है।

....

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल अजमेर के कायड विश्राम स्थली पर आयोजित समारोह से प्रदेश को 16 हजार 600 करोड़ रूपये से अधिक की पीने के पानी, बिजली, सिंचाई, अक्षय ऊर्जा, सड़क और सिवरेज सहित अन्य परियोजनाओं की सौगात देंगे। इस दौरान सामाजिक सुरक्षा पेंशन की एक हजार करोड़ रूपये की राशि का लाभार्थियों के खाते में सीधा हस्तान्तरण होगा। वहीं प्रदेशभर में 21 हजार से अधिक युवाओं को सरकारी नौकरी के नियुक्ति पत्र भी इस कार्यक्रम में सौंपे जायेंगे। प्रधानमंत्री के प्रस्तावित अजमेर दौरे को देखते हुए तैयारियां जोरो पर है। कार्यक्रम स्थल कायड़ विश्रामस्थली परिधि क्षेत्र को रेड जोन घोषित किया गया है। कार्यक्रम में प्रदेशभर से बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ताओं और विभिन्न क्षेत्रों से लोगों के पंहुचने की संभावना को देखते हुए समूचे जिले में सुरक्षा व्यवस्था बढा दी गई है।

....

कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी आज से दो मार्च तक भारत की यात्रा पर रहेंगे। प्रधानमंत्री कार्नी की यह भारत की पहली आधिकारिक यात्रा है। विदेश मंत्रालय ने बताया कि प्रधानमंत्री कार्नी आज मुंबई पहुंचेगे और अगले दो दिन तक व्यावसायिक संगोष्ठियों में भाग लेंगे। श्री कार्नी उद्योग जगत और वित्तीय विशेषज्ञों, दोनो देशों के मुख्य कार्यकारी अधिकारियों, नवाचारियों और भारत स्थित कनाडाई पेंशन निधि अधिकारियों से बातचीत करेंगे। प्रधानमंत्री कार्नी एक मार्च को दिल्ली आएंगे जहां वे अगले दिन हैदराबाद हाऊस में शिष्ट मंडल स्तर की वार्ता करेंगे। दोनों नेता भारत– कनाडा कार्यनीतिक साझेदारी के विभिन्न क्षेत्रों में हुई प्रगति की समीक्षा करेंगे और प्रमुख क्षेत्रों में जारी सहयोग का जायजा लेंगे। दोनों नेताओं के बीच होने वाली बैठक से आपसी साझेदारी मजबूत करने में मदद मिलेगी।

....

राष्ट्र आज महान स्वतंत्रता सेनानी चंद्रशेखर आजाद के बलिदान दिवस पर उन्हें श्रद्धा के साथ याद कर रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोशल मीडिया पोस्ट में अपने संदेश में कहा कि चंद्रशेखर आजाद के

जीवन से शिक्षा मिलती है कि अन्याय के खिलाफ मजबूती से खड़ा होने का संकल्प ही सच्ची वीरता है। गृह मंत्री अमित शाह ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि चंद्रशेखर आजाद ने ब्रिटिश राज के खिलाफ वीरतापूर्ण संघर्ष किया और अपनी अंतिम सांस तक वंदे मातरम का जाप करते रहे।
उन्होंने चन्द्रशेखर आजाद के जीवन का हर पल देश की स्वतंत्रता के लिए समर्पित बताते हुए सभी को प्रेरणा लेने का आह्वान किया।

....

प्रदेश के युवाओं और नव उद्यमियों में स्टार्टअप को बढावा देने और सरकार द्वारा जारी योजनाओं की जानकारी **देने** के लिए जयपुर में आज से राजस्थान स्टार्टअप समिट 2026 **आयोजित हो रहा है।** सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग के सहयोग से हो रहे इस समिट में आर्मेनिया सरकार का साइंटिफिक एजुकेशनल फाउंडेशन भी भूमिका निभा रहा है। 1 मार्च तक चलने वाले इस समिट में 130 से अधिक चयनित स्टार्टअप को कार्यशालाओं, पैनल चर्चा और व्यक्तिगत मार्गदर्शन सत्रों के माध्यम से प्रशिक्षण दिया जाएगा।

....